पत्रिका
सूरत . शनिवार
21.07.2012

दक्षिण गुजरात

सीए का बेहतर केन्द्र बना वापी शहर

सुविधा से हौसलों को लगे पंख, लड़कियां भी अव्वल

वापी

surat@patrika.com

इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट आफ इंडिया द्वारा आयोजित सीए फाइनल परीक्षा के हाल ही घोषित परिणामों में वापी सेंटर के छात्रों ने अच्छी सफलता हासिल की । कुछ वर्ष पहले वापी से जहां इक्का दुक्का छात्र ही सीए बनते थे, वहीं इस बार करीब दो दर्जन विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर चार्टर्ड एकाउन्टेंट बने। जिसमें लड़कियों की संख्या काफी है। मिली जानकारी के अनुसार रेनीसा रमेश अग्रवाल, नीरजा कार्तिक जोशी, साची श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, नीतिका नरेन्द्र जैन जैसी वापी की बेटियां भी चार्टर्ड एकाउन्टेंट बन गई हैं। यहां सीए की पढ़ाई के प्रति पिछले वर्षों में बढ़े रुझान के पीछे इंस्टीट्यूट की शाखा शुरू होने का बड़ा हाथ है।

देश और दुनिया में चार्टर्ड एकाउन्टेंट की बढ़ती मांग ने इस पेशे के प्रति कस्बाई विद्यार्थियों का रुझान भी बढ़ा दिया है।वापी जैसे छोटे शहर मे पहले सीए की पढाई के लिए जरूरी मार्गदर्शन व कोचिंग की व्यवस्था न होने के कारण कुछ साधन सम्पन्न विद्यार्थी ही मुंबई जाकर पढ़ाई कर पाते थे। जबकि लड़कियों के लिए तो यह काफी मुश्किल था। पांच वर्ष पूर्व यहां चार्टर्ड एकाउन्टेंट इंस्टीट्यूट की शाखा शुरी होने के बाद कोचिंग से लेकर परीक्षा केन्द्र तक की सुविधा मिल गई। जिससे सामान्य आय वर्ग के युवाओं को भी सीए बन कर भविष्य सुनहरा बनाने का मौका मिला। वापी में ही सीए की तैयारी कर सफल हुई सीए गुंजन चौधरी बताती है कि उन्हें वापी परीक्षा केन्द्र की वजह से ही सीए बनने का मौका मिला। वापी ब्रंच के प्रमुख सीए गिरिराज लढ्ढा जैसे निष्ठावान सदस्यों ने इस इलाके में इंस्टीट्यूट की गरिमा बढाई है। स्वयं गिरिराज लढ्ढा की फर्म से प्रशिक्षण पाकर अनेक छात्र छात्राओं ने सीए बनने का सपना साकार किया है। इंस्टीट्यूट के परिसर में ही उचित मार्गदर्शन के साथ कांफ्रेंस हाल, पुस्तकालय और विभिन्न कोर्सेस की सुविधा है। इससे छात्रों का हौसला बढ़ाा है। वापी में अब मुंबई अहमदाबाद की तरह कई सीए कोचिंग क्लासेस शुरू हो गए हैं। जहां छात्रों को घर बैठे मार्गदर्शन मिल जाता है।

इस कोर्स की ओर छात्रों के बढ़ते रुझान व यहां मिल रही सुविधाओं के चलते वापी अब प्रदेश व अन्य राज्यों के छात्रों के लिए भविष्य में सीए बनने की तैयारी का पसंदीदा केन्द्र बन कर उभर सकता है।